षोडश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-29.03.2016 के लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
'क' 1.	श्री सुदामा प्रसाद, स०वि०स० श्री सत्यदेव राम, स०वि०स० श्री महबूब आलम, स०वि०स०	प० चम्पारण जिलान्तर्गत गौनाहा पंचायत के धमौरा गाँव में वर्ष 1970-71 में 99 दलितों एवं आदिवासियों को गैरमजरूआ जमीन का पर्चा मिला था, लेकिन वहाँ के प्रशासनिक पदाधिकारी के द्वारा रामनगर की रानी जयंती विक्रमशाह की जमाबंदी में जोड़कर गरीबों को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है तथा भूपति मार्कण्डेय पाण्डेय के निधन के बाद सैकड़ों एकड़ जमीन की फर्जी तरीके से रजिस्ट्री हो रही है जबकि मार्कण्डेय पाण्डेय का कोई वंशज नहीं है । अतः जनहित में गरीबों के बीच इस तरह की भूमि के आवंटन हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।	राजस्व एवं भूमि सुधार

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
'ख' 2.	श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव, स०वि०स० श्री सुरेन्द्र कुमार, स०वि०स० श्री अमीत कुमार, स०वि०स० श्रीमती बेबी कुमारी, स०वि०स०	मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मुसहरी प्रखंड के उमानगर में स्थित श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज में करोड़ों की लागत से मशीन का क्रय किया गया था । कुछ माह कार्य करने के उपरांत वे सभी मशीन बंद पड़े हैं, जिससे आमजन को आस-पास के निजी क्लिनिक में अत्यधिक आर्थिक दोहन का शिकार होना पड़ रहा है । अतः श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज में बंद पड़े मशीन को यथाशीघ्र ठीक कराकर ईलाज की समुचित व्यवस्था बहाल करने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यानाकृष्ट करते हैं ।	स्वास्थ्य
'ग' 3.	श्रीमती लेशी सिंह, स०वि०स०	पूर्णियाँ जिला प्राचीनतम जिला में से एक है और प्रमण्डल भी है । विश्वविद्यालय मधेपुरा में रहने के कारण सीमांचल के छात्र-छात्राओं को लगभग 150 कि०मी० से 200 कि०मी० तक दूरी तय करनी पड़ती है । पूर्णियाँ कॉलेज, पूर्णियाँ में लगभग 350 एकड़ जमीन है तथा भवन भी उपलब्ध है जिसका उपयोग विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु किया जा सकता है । पूर्णियाँ में विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए विभिन्न संगठनों द्वारा आंदोलन भी किया जा रहा है । यहाँ विश्वविद्यालय की स्थापना छात्रहित में अत्यावश्यक है । अतः छात्रहित में पूर्णियाँ में विश्वविद्यालय की स्थापना तथा स्थापना होने तक वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पूर्णियाँ कॉलेज, पूर्णियाँ में विश्वविद्यालय की शाखा कार्यालय खोलने हेतु मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करती हूँ ।	शिक्षा

नोट :- 'क' दिनांक-11.03.2016 एवं 15.03.2016 से स्थगित ।
'ख' दिनांक-15.03.2016 से स्थगित ।
'ग' दिनांक-15.03.2016 से स्थगित ।

राजीव कुमार
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-11/16- 634 / वि०स०, पटना, दिनांक- 28 मार्च, 2016 ई० ।

प्रति:- बिहार विधान सभा के सदस्यगण / मुख्य मंत्री / उप मुख्यमंत्री / मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / कार्यकारी सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना / संसदीय कार्य विभाग / राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग / स्वास्थ्य विभाग तथा शिक्षा विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(भूषण कुमार झा)
उप सचिव, बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-11/16- 634 / वि०स०, पटना, दिनांक- 28 मार्च, 2016 ई० ।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव एवं प्रशाखा पदाधिकारी, सचिवीय कार्यालय को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

(भूषण कुमार झा)
उप सचिव, बिहार विधान सभा, पटना ।